# चीनी मिलों को मिल सकता है नया राहत पैकेज

नई दिल्ली। गन्ना किसानों को राहत देने के लिए चीनी मिलों को एथेनॉल पर दूसरा राहत पैकेज देने के प्रस्ताव पर बुधवार को कैबिनेट मुहर लगा सकती है। इसमें चीनी मिलों को एथेनॉल के लिए 10 से 12 हजार करोड़ रुपये तक कम दर पर ऋण मुहैया कराया जा सकता है। इससे पहले गतवर्ष सितंबर में भी चीनी मिलों को सरकार ने राहत प्रदान की थी। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में चीनी मिलों पर किसानों का भारी बकाया है। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले सरकार किसानों की नाराजगी दूर करने के लिए कैबिनेट दूसरे राहत पैकेज पर मुहर लगा सकती है। उपभोक्ता एवं खाद्य मामलों के एक अधिकारी के मुताबिक चीनी मिलों को अगले पांच साल तक के लिए 6 फीसदी की दर पर ऋण मुहैया करा सकती हैं। मिलों में एथेनॉल की क्षमता को बढ़ाने के लिए यह पैकेज दिया जाएगा। साथ ही उत्तर प्रदेश से आई चीनी मिलों का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) बढ़ाने की मांग पर विचार किया जा सकता है। यह दर 29 रुपये से बढ़ाकर 32 रुपये किए जाने की सिफारिश की गई है। ब्यूरो

Amar Ujala
6/2/2019